बिहार सरकार

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग
(बिहार राज्य अल्पसंख्यक वित्तीय निगम लि०)

मुख्यमंत्री श्रम शक्ति योजना के अंतर्गत आवेदन आमंत्रण

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार सरकार अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं के लिए मुख्यमंत्री श्रम शक्ति योजना के तहत ''अपैरल ट्रेनिंग एंड डिजाइन सेंटर, पटना'' (एटीडीसी) पटना के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने के लिए निम्नलिखित पाठयक्रमों के लिए आवेदन आमंत्रित करती है :—

क्रम संख्या	पाठयक्रम का नाम	योग्यता	उम्र	प्रशिक्षण कार्यक्रम की अवधि	कुल स्थान
1.	एपैरेल मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी (AMT)	12th Pass	18 से 35 वर्ष	1 वर्ष	कुल संख्या 30
2.	फैशन डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी (FD & T)	10th Pass	18 से 35 वर्ष	1 वर्ष	कुल संख्या 30

आवेदक की योग्यता

1. आवेदक अल्पसंख्यक समुदाय यानि मुस्लिम, सिख, ईसाई, पारसी, जैन या बौद्ध समुदाय का होना चाहिए।
2. आवदेन जमा करने की अंतिम तिथि को आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
3. आवेदक की समग्र पारिवारिक वार्षिक आय 4.50 लाख रूपये प्रति वर्ष से कम होनी चाहिए।

चयन प्रक्रिया

1. अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा।
2. अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय 10वीं, 12वीं का अंक पत्र, मूल प्रमाण पत्र, आयु से संबंधित प्रमाण पत्र, आधार, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, धर्म प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) आदि मूल दस्तावेज साथ लाने होंगे।
3. साक्षात्कार का स्थान — अपैरल ट्रेनिंग एंड डिजाइन सेंटर, कौशल विकास भवन, पाटलिपुत्र औद्योगिक क्षेत्र, पटना — 800013

क्रम संख्या	आयोजन	तारीख
1	आवेदन समर्पित करने की तिथि	07/08/2024 से 07/09/2024
2	साक्षात्कार की प्रस्तावित तिथियां	AMT के लिए — 10/09/2024 FD & T के लिए — 11/09/2024
3	प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ होने की प्रस्तावित तिथि	16/09/2024

नोटः— आवेदन नीचे दिए गए प्रारूप में संबंधित दस्तावेजों की स्व—सत्यापित प्रतियों के साथ एटीडीसी, पटना, कौशल विकास भवन, पाटलिपुत्र औद्योगिक क्षेत्र, पटना—800013 में जमा किया जाना है। चयन के बाद चयनित अभ्यर्थियों को सुरक्षित जमा राशि के रूप में 1000/— रूपये जमा कराना होगा, जो प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल समापन के बाद बीएसडीएम द्वारा वापस कर दिया जाएगा।

आवेदन पत्र का प्रारूप

1. आवेदक का नाम 2. पिता का नाम 3. माता का नाम 4. पति/अभिभावक का नाम (यदि लागू हो) 5. आयु सहित जन्म तिथि, 6. लिंग 7. शैक्षणिक योग्यता 8. धर्म प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) 9. आय प्रमाण पत्र 10. स्थायी पता 11. वर्तमान पता 12. ई—मेल आईडी 13. आधार नम्बर 14. मोबाईल नम्बर (दो नम्बर) 15. शरीर पर पहचान का निशान 16. विवाहित या अविवाहित 17. बैंक खाता विवरण।

पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाएं

घोषणाः— ''मैं घोषणा करता हूं कि ऊपर बताई गई जानकारी मेरी जानकारी में सत्य है''

स्थानः—　　तारीखः—　　आवेदक का हस्ताक्षर

प्रशिक्षण स्थल :— अपैरल ट्रेनिंग एंड डिजाइन सेंटर, कौशल विकास भवन, पाटलिपुत्र औद्योगिक क्षेत्र, पटना—800013, Contact : 0612-2270064, 9304320222, 8707485016, 7903267225, 9748861980

PR- 05529 (M W D) 2024-25

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

Diwan Jafar Hussain Khan
Manahing Director